卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 13 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦20 अक्टूबर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## षष्ठम नवरात्र




**मां कात्यायनी मां दुर्गा की छठी विभूति हैं । शास्त्रों के मुताबिक जो भक्त दुर्गा मां की कात्यायनी की आराधना करते हैं मां की कृपा उन पर सदैव बनी रहती है।**

# पिकप खाई में गिरने से एक की मौत, दो लोग गंभीर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पहाड़ों पर हादसे थम नहीं रहे हैं। बीती शाम पिकप खाई में गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पिकप संख्या यूके 04सीए-5381 ग्राम हिलीछीना पग रिसोर्ट को जाने वाले कच्चे रास्ते पर अनियंत्रित होकर 60 मीटर खाई में गिर गयी। आस पास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी जिस पर सोमेश्वर पुलिस रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। हादसे में पिकप सवार 40 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय नाथूराम निवासी ग्रामपोस्ट भगतोला, सोमेश्वर 68 वर्षीय जीत सिंह, पुत्र बचे सिंह निवासी ग्राम भटगड़ माफी पोस्ट मनान, सोमेश्वर और 52 वर्षीय राजेंद्र राम पुत्र स्वर्गीय देवराम निवासी भाटनयाल ज्यूला, पोस्ट मनान थाना सोमेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सभी घायलों को खाई से निकालकर उपचार हेतु तत्काल 108 वाहन के माध्यम से सरकारी अस्पताल सोमेश्वर भेजा (शेष पृष्ठ सात पर)



# गुलदार के हमले में वनकर्मी की मौत

रामनगर (उद संवाददाता)। जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क में बाघ ने गश्त कर रहे वन कर्मचारी पर हमला कर दिया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। साथी वन कर्मियों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई है। घटना जिम कॉर्बेट टाइगर रिजर्व पार्क के अंतर्गत आने वाले कालागढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र की है। वन कर्मी पवन कुमार पुत्र धर्म सिंह निवासी कालागढ़ कालागढ़ टाइगर रिजर्व के रेंज पटेरपानी क्षेत्र स्थित पेटर तिहारे पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान बाघ ने उनको अपना शिकार बना लिया। वन कर्मचारी के शोर मचाने पर अन्य वन कर्मी भी घटनास्थल पर पहुंचे हवाई फायरिंग करके बाघ को भगा दिया। मामले में कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की एसडीओ शालिनी जोशी (शेष पृष्ठ सात पर)



# दीवार गिरने से बहन की मौत, भाई गंभीर

देहरादून (उद संवाददाता)। राजधानी के करणपुर इलाके में कॉलेज की दीवार गिरने से एक युवती की मौत हो गई जबकि उसका भाई गंभीर रूप से घायल है। उसे निजी अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। मृतका हाल ही में कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा में पास हुई थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक पुरोला डिग्री कॉलेज में हाल ही में कनिष्ठ सहायक के पद पर चयनित हुई सुष्मिता तोमर और उसका भाई रघुवीर तोमर करनपुर क्षेत्र में ही कमरा लेकर रह रहे थे। रात करीब साढ़े आठ बजे के करीब भाई-बहन करनपुर घूमने आए थे। पैदल अपने कमरे की तरफ जा रहे थे तभी डीएवी कॉलेज की बैक वाली दीवार



भरभरा कर गिर गई। दोनों इसकी चपेट में आ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने सुष्मिता को मृत घोषित कर दिया। रघुवीर तोमर का इलाज चल रहा है। वह भी गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक डीएवी कालेज का छात्र है। इंस्पेक्टर कोतवाली डालनवाला राजेश शाह ने बताया कि दीवार काफी पुरानी थी। घटना की सूचना से मृतका के परिजनों में कोहराम मचा है। वहीं दीवार गिरने से हुई लड़की की मौत पर एनआईसीयू, आर्यन व एबीवीपी छात्रसंगठन से जुड़े छात्रों ने देर रात डीएवी कॉलेज में जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने प्राचार्य कार्लायल और मुख्य गेट के आगे नारेबाजी करते हुए प्राचार्य से इस्तीफे की मांग की। छात्रों ने कहा, करीब डेढ़ महीने पहले ही कॉलेज प्रशासन को दीवार की हालत के बारे में बताया गया था। दीवार हादसे का कारण न बने इसके लिए छात्र समय रहते उसकी (शेष पृष्ठ सात पर)

# संदिग्ध हालातों में युवक ने लगाई फांसी

काशीपुर(उद संवाददाता)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगा ली। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के बाद इस परिजनों के हवाले कर दिया। खबर लिखे जाने तक घटना की सही कर्म का पता नहीं चल सका है लेकिन तभी जबान चर्चा है कि ग्रह कलेश एवं कर्ज के कारण युवक ने ऐसा कदम उठाया। जानकारी के मुताबिक महाराणा प्रताप चौक के समीप राशन डीलर की



दुकान चलाने वाले अशोक गुलाटी का 40 वर्षीय पुत्र नितिन गुलाटी पिछले कुछ समय से अपनी पत्नी तथा 5 वर्षीय पुत्र के साथ परिवार से अलग किराए पर खत्री सभा के पास रह रहा था। वह प्राइवेट नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि गत गुरुवार को अपराह्न बाद नितिन ने खुद को कमरे में बंद कर फांसी लगा ली। देर तक किसी प्रकार की कोई प्रतिक्रिया न होने पर परिजनों को शंका हुई। उन्होंने झांक कर देखा तो नितिन फांसी के फंदे पर झूलता मिला। स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक(शेष पृष्ठ सात पर)

# कार शोरूम से चुराये सामान सहित कर्मी दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित कार शोरूम आकांक्षा आटो मोबाईल के स्टोर से चोरी किये सामान सहित एक कर्मी को दबोचकर उसे पुलिस के सुपुर्द कर मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। पुलिस ने इस मामले में शामिल अन्य लोगों की तलाश शुरू कर दी है। दर्ज रपट में तजेन्द्र सिंह वीपी आकांक्षा आटोमोबाइल प्रा.लि. रुद्रपुर ने कहा है कि वह आंकाक्षा आटोमोबाईल प्रा.लि. रुद्रपुर में वी.पी. के पद कार्यरत है। कम्पनी के वर्कशाप में ठेकेदार के लेवर प्रकाश चन्द्र पुत्र कृपाल दत्त निवासी ग्राम खनौलिया, तहसील रानीखेत भिकिया सैंग जिला अल्मोडा तथा गोकुल पुत्र प्रमोद कुमार निवासी सनड़ा तहसील सनण जिला अल्मोड़ा कार्यरत थे । जिनका सुपरविजन ठेकेदार का एरिया मैनेजर प्रकाश पाण्डे करता था। तजेन्द्र का कहना है 18 अक्टूबर को स्टोर इन्चार्ज श्रीमति कमलेश ने उसे बताया कि स्टोर में काफी समय से माल गायब हो रहा था। जिस पर उसने पिछले 10 दिन की सीसीटीवी फुटेज देखी तो 16 अक्टूबर कों प्रकाश चन्द्र स्टोर में आते हुए दिखाई दिया और उसके द्वारा स्टोर के रैक में रखा एक स्टयूरियो डिरीवन कम्पनी का जिसकी कीमत 22990 रुपये है को चोरी कर स्टोर से ले (शेष पृष्ठ सात पर)

# झांसा देकर 69 हजार की धोखाधड़ी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑन लाईन सांझित लिंक को लाईक करवा कर साईबर ठगों ने एक व्यक्ति से 69 हजार रूपये की धोखाधड़ी कर ली। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अनिल कुमार खाँ पुत्र उमेश चन्द्र खाँ निवासी मेट्रोपोलिस सिटी रुद्रपुर मूल निवासी आदित्यपुर ,जमशेदपुर (झारखंड) ने कहा है कि 14 जुलाई को उसे टेलीग्राम एप पर मैसेज आया कि अगर साझित लिंक को लाइक करेंगे तो मुनाफे के तौर पर प्रत्येक लाइक के 50 व 100 रु प्राप्त होंगे। उसके बाद उन्होंने कहा अगर 69 हजार रूपये जमा करेंगे तो आपको 88हजार रूपये मिलेगा । अनिल का कहना है भूलवश उसने अपने खाते से पैसा ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद उन्होंने और पैसा जमा करने (शेष पृष्ठ सात पर)

# पुलिसकर्मी की पत्नी से साईबर ठगी

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस कर्मी की पत्नी के साथ साईबर ठगी का मामला सामने आया है। साईबर ठगों ने झांसा देकर पुलिस कर्मी की पत्नी से 43 हजार रूपये डग लिये। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक रिजर्व पुलिस लाईन में तैनात पुलिस कर्मी हर्षवर्धन सिंह बिष्ट ने साइबर सेल में दी तहरीर में बताया कि उसकी पत्नी तुलिका नेगी के पास एक कॉल आयी काल करने वाले उक्त व्यक्ति ने खुद को रिश्तेदार बताकर खाते में 43 हजार रूपये डलवा लिये। बाद में पता चला कि साईबर ठगी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


## दसवां/रस्म पगड़ी



बड़े दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति **श्री श्याम लाल अनेजा** का स्वर्गवास दिनांक 14.10.2023 को हो गया है, जिनका **दसवां/रस्म पगड़ी दिनांक 23.10.2023 दिन सोमवार** को दोपहर 12 से 1 बजे तक **ओम बापू मंदिर ,गदरपुर** में संपन्न होगी।

**दुखित परिवार**

कान्ता-दिनेश बत्रा (बेटी-दामाद)
स्व. नीलम छाबड़ा-सतीश छाबड़ा (बेटी-दामाद)
रजनी-हरीश तनेजा(बेटी-दामाद)

**फूला रानी ( पत्नी )**
अनिल अनेजा-ममता (पुत्र-पुत्रवधू)
कमल कुमार-गीता (पुत्र-पुत्रवधू)
राजेश कुमार-पूजा (पुत्र-पुत्रवधू)
महेन्द्र पाल, सूरज प्रकाश (भाई)
डा. हिमांशु अनेजा (भतीजा)

**निवासः** ग्राम कुलवन्त नगर, गदपुर,
मो. 9927209515, 9837622662

नैनं छिन्दति शस्त्राणि, नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।।



## श्री हरी चंद मिड्ढा जी

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूजनीय पिताजी श्री हरी चंद मिड्ढा जी का स्वर्गवास 12 अक्टूबर 2023 को हो गया था।

**रस्म पगड़ी दिनांक 23 अक्टूबर दिन सोमवार को दोपहर 01.00 बजे से 03.00 बजे होटल रूद्रा कॉन्टिनेंटल में संपन्न होगी।**

दुःखशोक संवेदना से,
बाल कृष्ण मिड्ढा-कमलेश मिड्ढा (पुत्र-पुत्रवधु)
रमेश मिड्ढा-शोभा मिड्ढा (पुत्र-पुत्रवधु)

श्रीमती सुनीता एवं स्व. राकेश चुघ (पुत्री-दामाद)
श्रीमती चंचल एवं श्री विनोद मिगलानी (पुत्री-दामाद)
श्रीमती ममता एवं श्री राजेश बाठला (पुत्री-दामाद)
श्रीमती पूनम एवं स्व. हरीश बजाज (पुत्री-दामाद)
श्रीमती स्मृती एवं श्री पुनीत गुलाटी (पौत्री-पौत्री दामाद)
श्रीमती दीक्षा एवं श्री नवीन दूसेजा (पौत्री-पौत्री दामाद)
श्रीमती सुरभी एवं श्री विजय मिड्ढा (पौत्रवधु-पौत्र)
श्रीमती स्वाति एवं श्री क्षितिज मिड्ढा (पौत्रवधु-पौत्र)
श्रीमती स्व. अंशु एवं श्री अनुज मिड्ढा (पौत्रवधु-पौत्र)
श्रीमती सरगम एवं श्री अक्षत मिड्ढा (पौत्रवधु-पौत्र)
ईशान, श्रेयन (पड़पौत्र)
निर्वी, अवनि, तारा,गुरबानी (पड़पौत्री)

# मेले के शुभारंभ के साथ श्री दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू

## छात्र छात्राओं ने प्रस्तुत किए बांग्ला गीतों पर नृत्य

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सार्वजनिक श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव 2023 का आरम्भ गत रात्रि पंचमी पूजा अनुष्ठान विधि के साथ किया गया। पंचमी पूजा महोत्सव पर नृत्य के माध्यम से अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। प्रतिभाग किये स्कूलों मे प्रथम स्थान इंडियन पब्लिक स्कूल के बच्चे ने, द्वितीय स्थान ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने तथा तृतीय स्थान कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ओमियों कुमार विश्वास समाजसेवी व संस्थापक देशबंधु मेमोरियल पब्लिक स्कूल व वार्ड एक के पार्षद सुरेश चंद्र गोरी ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर थे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य जायसवाल ने किया। कार्यक्रम मे कमेटी के महेश रॉय, अमन सरकार, मानस बैरागी, शुबीर दास, प्रदीप साहा, परिमल राय , देवाशीष मंडल, जीवन राय,





पूजा कमेटी के माध्यम बांग्ला संस्कृति पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ट्रांजिट कैंप के लगभग सभी विद्यालय के बच्चों ने ग्रुप के माध्यम से बांग्ला गीतों पर आकर्षक ओम पब्लिक स्कूल के बच्चो ने प्राप्त किया। प्रतिभाग किये गए सभी स्कूलों के बच्चे जो प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त नहीं कर पाए। उन बच्चों को कमेटी द्वारा सांत्वना पुरस्कार दिया गया। किया। मुख्य अतिथि को पूजा कमेटी के अध्यक्ष दिलीप अधिकारी व उनकी टीम ने स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम मे निर्णायक की भूमिका में संजय साहा व मोहन विस्वास चंद्रशेखर गांगुली, शुभम दास, विजय डे, हरिचाँद सरकार, रोहित अधिकारी, किशोर डे, अभिजीत दास, सचिन मंडल, मोनू ठाकुर, सुमित राय, राज चक्रवर्ती, चीनू, केरू मंडल, बिट्टू ढाली आदि मौजूद थे।

# महाराजा अग्रसेन जयंती पर निकाली भव्य शोभा यात्रा

काशीपुर । कुमाऊँ वैश्य महासभा व श्री अग्रवाल सभा के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन जयंती की मौके पर नगर में विशाल एवं भव्य शोभा यत्रा का आयोजन किया गया। महाराजा अग्रसेन के स्वरूप में पंकज अग्रवाल राजस्थान मार्बल वाले एवम ध्वज पताका मास्टर इंटरनेशनल के देव गर्ग लेकर चले । करतब दिखलाता अखाड़ा आकर्षक का केंद्र रहा। शोभायात्रा में वैश्य समाज के लगभग सभी वर्ग मौजूद



रहे। जगह जगह पुष्पवर्षा व स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में, एम पी गुप्ता, जेपी अग्रवाल, शेष कुमार सितारा, प्रियांशु बंसल, मनोज अग्रवाल, अभिषेक गोयल, अंकित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, सनत पैगिया, चक्रेश जैन, सीए सचिन अग्रवाल, सीए सौरभ अग्रवाल अनमोल अग्रवाल, रचित अग्रवाल विपिन अग्रवाल एडवोकेट, के सी बंसल, प्रिंस अग्रवाल, वृजेश गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, डॉ ईश्वर पैगिया, ईश्वर गुप्ता, विवेक जैन, डॉ एस पी गुप्ता, डॉ भारत भूषण, मुकेश अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, सुरभि अग्रवाल, प्राची अग्रवाल,प्रियंका अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, नीलिमा ,दीप्ति आदि उपस्थित रहे।

# नवरात्र पर्व में मां दुर्गा की पूजा का विशेष महत्व:चुघ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रत्येक वर्ष चौत्र एवं शारदीय नवरात्र पर्व के दौरान मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा करने का विशेष महत्व होता है। इससे मां की सभी भक्तों पर कृपा एवं आर्शीवाद बना रहता भक्तों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि यहां ग्राम प्रधान श्रीमती पूजा वर्मा द्वारा ग्राम वासियों के सहयोग से सम्पूर्ण क्षेत्र के लोगों की खुशहाली, शांति, आपसी सौहार्द तथा मां दुर्गा के सदैव से पूजा अर्चना करता है मां उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करती है।उन्होंने इस धार्मिक कार्यक्रम आयोजन के लिए ग्राम प्रधान श्रीमती पूजा वर्मा सहित समस्त आयोजकों तथा क्षेत्रवासियों को बधाई दी। भजन सुनकर क्षेत्र के वातावरण को भक्ति मय कर दिया। मां के जयघोषों से वातावरण गुंजायमान हो गया। अंत में मां की आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर चंद्रिका प्रसाद





है। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने गत रात्रि श्री राम बाल कमेटी दुर्गा पूजा दानपुर द्वारा आयोजित मां भगवती के अर्धरात्रि जागरण का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच ज्योत प्रज्वलन के साथ शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित मां के आर्शीवाद की कामना को लेकर समय समय पर धार्मिक अनुष्ठानों को कराया जाता है। निश्चित रूप से यह सराहनीय कार्य के साथ ही अनुकरणीय भी है। श्री चुघ ने कहा कि जो भी व्यक्ति सच्ची भावनाओं के साथ मां की विधि विधान इससे पूर्व श्री चुघ का आयोजन स्थल पर पहुंचने पर आयोजन कमेटी द्वारा माल्यार्पण कर तथा पटका पहनाकर मां के जयघोषों के साथ स्वागत किया गया। अर्धरात्रि भगवती जागरण में भजन गायक कलाकारों द्वारा मां दुर्गा के कई यादव, मनदीप वर्मा, माधव सिंह, ओमप्रकाश यादव, अमित गौड़, शिव कुमार शिव्वू, अभय वर्मा, गुरुवार सिंह, संजय वर्मा, जितेंद्र वर्मा ,विशाल, राजीव, अमन, शुभम गोड, विजय वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में मां भक्त मौजूद थे।

# श्री राम की नाव को केवट ने लगाया गंगा पार, भरत मिलाप का मंचन

किच्छा( उद संवाददाता)। नगर में चल रही ऐतिहासिक रामलीला के छठे दिन की लीला में केवट ने श्री राम को गंगा पार कराई से लेकर दशरथ मरण और भरत मिलाप तक की लीला का भावपूर्ण मंचन नवयुवक कला केंद्र के कलाकारों द्वारा किया गया इस दौरान छठे दिन की रामलीला का समाजसेवी सुनील पपनेजा के





परिवार द्वारा श्री गणेश व श्री राम जी की आरती कर रामलीला का शुभारंभ किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के संरक्षक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, पण्डित नगद शर्मा, अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल डायरेक्टर जितेंद्र अग्रवाल डब्बू, भारत भूषण जोशी, सचिव विकास दाबड़ा, कोषाध्यक्ष रिंकल गुप्ता, रवीश सक्सेना, शेखर पांडे, परवीन सेन, मनोज गुप्ता, हरीश सक्सेना, दुलीचंद चांगल, अनुज सक्सेना, कुंज बिहारी, राजीव अग्रवाल, अंशुल गंगवार, अमित कालड़ा, बिट्टू हंसपाल शिवम चांगल आदि थे।

# मंथरा ने भरे केकई के कान,केकई ने मांगे अपने दो वरदान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भदईपुरा में सनातन धर्म रामलीला कमेटी के तत्वाधान में पुरानी अनाज मंडी में चल रही रामलीला के पांचवें दिन प्रभु श्री राम को 14 वर्ष का वनवास केक्कई ने मांगा। इससे पूर्व रामलीला के पांचवे दिन का शुभारंभ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किया इस दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने प्रभु श्रीराम के जीवन को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए रामलीला कमेटी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रामलीला कमेटी प्रभु राम के आदर्शो पर चलने का संदेश देती है। स मौके पर कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र राघव, महेंद्री शर्मा, ईश्वर सिंह, नितिन गुप्ता, राजवीर यादव, विजय यादव, लक्ष्मी नारायण, ओमप्रकाश गंगवार, मनोज गुप्ता, रिंकल गुप्ता, अंशुल गंगवार, कुंज बिहारी, हरीश सक्सेना, अनुज सक्सेना, गौरव गोयल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



# स्वरूपनखा का मायाजाल देखने पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

गदरपुर (उद संवाददाता)।यहां अनाज मण्डी की रामलीला में बृहस्पतिवार रात सभी प्रथम दृश्य में स्वरूपनखा की सुंदर भूमिका में रहे सागर कालड़ा ने पालकी के उपर सुंदर नृत्य कर दृश्य में डायरेक्टर अशोक पोपली, अशोक सुधा, राजू भुड्डी, जगदीश भुड्डी, सुभाष खुराना, द्वारा निर्देश दिए गए । रावण की भूमिका में रहे सिद्धार्थ भुसरी, मेघनाथ की भूमिका में अमन गाबा, विभीषण की भूमिका में प्रकट किया। सभी कलाकारों द्वारा बहुत ही सुंदर मंचन किया गया। इस बीच हरिचंद छाबड़ा, अशोक भुड्डी, राज कुमार भुड्डी, विनोद भुसरी, कृष्णलाल सुधा, लेखराज भुड्डी, विजय छाबड़ा, इंद्रजीत डाबर, सुखीजा, गौरव भुड्डी, प्रमोद बजाज, सक्षम ग्रोवर, मुकेश पाल, सुभम बत्रा, मयंक चुघ, अरुण बजाज, अनिल सुधा, निर्मल दास नारंग, अनमोल भुड्डी ,पारस धवन, श्याम सुंदर कालड़ा, धीरज





प्रवेश किया और मंच पर अपने सुंदर अभिनय से चार चांद लगाए। इसके पश्चात स्वरूपनाखा का नाक काटा जाना, खर दूषण वध, रावण का दरबार जैसे सुंदर दृश्य दिखाए गए जिसमे कलाकारों को दीपक छाबड़ा, मंत्री अविश अरोरा, खर की भूमिका में दीपक छाबड़ा, दूषण की भूमिका में युवराज कुमार रहे।श्री रामलीला देखने पहुंचे हजारों की तादात में श्रद्धालुओं का भी अध्यक्ष रवींद्र बजाज ने आभार विजय भुड्डी, अजय खेड़ा, रविंद्रवीर सिंह, कृष्णलाल बत्रा, सतीश छाबड़ा, विजय सुखीजा, राजू कुमार, सुभाष खुराना, अनिल बत्रा, मुलखराज अरोरा, सोमनाथ छाबड़ा, राजेश अग्रवाल, आदित्य इशपुजानी, अंकित गगनेजा, संजीव अनेजा, विजय पोपली, गणपति विश्वास, सागर अनेजा, प्रवीण गगनेजा, अमित ढींगरा, राकेश छाबड़ा, रोहित कालड़ा, दीपक भुड्डी, सुधीर भुसरी सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# महाविद्यालय की त्रैमासिक ई पत्रिका का विमोचन

गदरपुर (उद संवाददाता)। महाविद्यालय की त्रैमासिक ई-पत्रिका 'अनहद' प्रवेशांक का ऑनलाईन विमोचन उच्च शिक्षा निदेशक प्रोफेसर सी.एस. सूंठा एवं विधायक अरविंद पांडे के कर कमलों द्वारा संपन्न शिक्षणेत्तर कर्मचारी श्री गौरव जोशी, श्री मनोज पनेरु, श्री विजय गिरी, श्री मदन सिंह एवं छात्र-छात्राओं में विदिशा कर, शशांक कुमार, विकास, सना अंसारी, सिमरन कौर, राहुल मिश्रा, अंकित गुप्ता आदि उपस्थित



हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अशोक कुमार, डॉ अर्चना वर्मा, प्रमोद वर्मा, डॉ हरिप्रसाद, सुश्री प्रभजोत कौर, सुश्री तनुजा परिहार, अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्री मुरारी लाल मिश्र, रहे। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक प्रमोद वर्मा द्वारा किया गया। शुभकामनाएं देते हुए निदेशक ने त्रैमासिक ई- पत्रिका को छात्र- छात्राओं के कलानात्मक विकास में मील का पत्थर साबित होने की बात कही।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# प्रदेश भर में होगा 47 गौशालाओं का निर्माण: बहुगुणा

## बीआरएस प्राप्त कर्मचारियों को बकाया एरियर भुगतान के चैक वितरित

गदरपुर(उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किसान सहकारी चीनी मिल के बीआरएस प्राप्त 57 कर्मचारियों के बकाया एरियर भुगतान के करीब 1.44 करोड़ के चेक का वितरण किये गये। गुरुवार शाम को



आवास विकास स्थित एक बारात घर में गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के नगर में प्रथम आगमन पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। गन्ना मंत्री के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा फूल मालाओं पहनाकर जोरदार स्वागत किया गयां यहां बता दें कि किसान सहकारी चीनी मिल के बीआरएस प्राप्त कर्मचारियों द्वारा एरियर भुगतान की काफी लम्बे अर्से से मांग की जा रही थी। जबकि हाईकोट द्वारा तीन माह पूर्व कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय भी दिया जा चुका है। लेकिन सरकार द्वारा इसका भुगतान नही किया जा रहा था। इस संबंध में दो अक्टूबर को भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में बीआरएस कर्मचारियों का एक प्रतिनिधि मंडी गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा से उनके आवास देहरादून मिला था। उनके द्वारा भुगतान का शीघ्र आश्वासन दिया गया। इसी के चलते गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम के तहत गन्ना मंत्री द्वारा 57 कर्मचारियों को करीब 1.44 करोड़ चोबालिश लाख रुपये के एरियर भुगतान के चेक दिये गये। इस दौरान उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि कर्मचारियों की यह समस्या काफी वर्षों से चली आ रही थी। इस संबंध में मुख्यमंत्री से अवगत कराया गया तो उनके प्रयास से कर्मचारियों का रुके हुए एरियर का भुगतान के चौक कर्मचारियों को दिये जा रहे है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यकाल में प्रदेश में विकास कार्यो की कमी नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गौ रक्षा के लिए निरक्षित गौ के लिए 82 करोड़ रुपये स्वीकृत किये गये है। जिससे उत्तराखंड 47 गौ-शालाओं को निर्माण करवाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चीनी मिल चलने से पूर्व ही किसानो के गन्ना भुगतान कर दिया गया है। इससे पूर्व भाजपा विधायक अरविन्द पांडेय द्वारा अपने क्षेत्र में किये गये विकास के बारे में विस्तृत से जानकारी देते हुए कहा कि उनके द्वारा क्षेत्र में विकास की कमी नहीं आने दी है। वहीं भाजपा जिलाध्यख गुंजन सुखीजा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार में कई विकास कार्य हुए है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का भी लोगों को लाभ मिल रहा है। इस मौके पर कृषि मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, तिलकराज गंभीर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना, अशोक हुड़िया, कपिल अरोड़ा, अभिषेक वर्मा, अमित नारंग, राहुल पकिया, लविश अरोड़ा, बिट्टू चौहान, विकास गुप्ता, सचिन बाटला, महेंद्र कालड़ा, धनंजय प्रधान, कविता, कुसुम शर्मा, नरेश हुड़िया, राजेश गुम्बर मिन्नी, पंकज सेठिया, प्रमोद बजाज, ज्योतिराज, अनिल जेठली,अनादि मंडल, भोला शर्मा, मथुरेश बाजपेयी, आत्मजीत सिंह, राजकुमार अरोड़ा, कपिल शर्मा, त्रिलोक सिंधी, कपिल कुमार, कैलाश कोठारी, मदन लाल, कृष्ण लाल कोचर, सुभाष कोचर, अरविन्द धवन, पुष्पा, कीर्ति तिवारी, अशोक चर्तुवेदी, सतीश दूबे, समन मुंजाल, मित्रेश बाजपेयी आदि शामिल थे।

# ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय में नवरात्रि महोत्सव मनाया



सितारगंज(उद संवाददाता)। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में नवरात्रि महोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें रुद्रपुर से पधारे जुगल अरोड़ा एंड पार्टी द्वारा माता की भेंट भजन सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। सेवा केंद्र प्रभारी सरोज दीदी ने बताया कि सभी को अपनी बुराईयों को त्यागकर अपने जीवन में सद्गुणों का विकास कर सच्ची नवरात्रि मनाने का आह्वान किया। पंडित पवन दीक्षित जी ने भी अपने मुखारविंद से मां भगवती का गुणगान किया। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, कुशवाहा जी, सुमन राय, ज्योति अग्रवाल, वीना साहू सविता अग्रवाल आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# तबला वाद्य पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित

नैनीताल (उद संवाददाता)। डी०एस०बी० परिसर कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के संगीत विभाग द्वारा "भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम श्रृंखला" के "द्वितीय अध्याय" में "तबला" वाद्य पर आधारित दो दिवसीय



कार्यशाला के प्रथम चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो० संजय पंत ने डॉ० विजय कृष्ण, डॉ० रेखा साह, दिनेश डंडरियाल, प्रो० ललित तिवारी एवं प्रो० आशीष मेहता के साथ मिलकर माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला में उपस्थित इन सभी अतिथिओं ने विद्यार्थिओ को प्रोत्साहित करने हेतु संक्षिप्त वक्तव्य भी दिए। कार्यशाला के प्रथम चरण में संगीत विभाग, डीएसबी परिसर के विभागाध्यक्ष डॉ० गगनदीप होठी ने इस दो दिवसीय कार्यशाला के संचालक डॉ० विजय कृष्ण का विस्तृत परिचय दिया। डॉ विजय कृष्ण ने सर्वप्रथम ताल तीनताल में, विभिन्न घरानों की वादन शैलीयों का समावेश करते हुए, अपना तबला एकल वादन प्रस्तुत किया। हारमोनियम पर लहरा संगत, संगीत विभाग के ही सहायक प्राध्यापक श्री अलंकार महतोलिया जी ने की। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में डॉ० विजय कृष्ण जी ने कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे समस्त विद्यार्थियों को ताल तीनताल में बजाए जाने वाले विभिन्न कायदे, पेशकार, पलटे, रेले, टुकड़े इत्यादि का विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया। द्वितीय चरण में आपके साथ हारमोनियम पर लहरा संगत, संगीत विभाग के ही सहायक प्राध्यापक डॉ रवि जोशी ने की। कार्यशाला में डॉ० अशोक कुमार, डॉ० संध्या यादव, डॉ० निधि साह, डॉ हेम भट्ट, डॉ रितिशा शर्मा, डॉ जीवन उपाध्याय, डॉ हिमानी जलाल, डॉ० लक्ष्मी धस्माना, श्रीमती बबीता लोहानी इत्यादि ने प्रतिभाग किया।

# सत्संग पाकर अपने जीवन में सुधार भी अवश्य करें

रामनगर (उद संवाददाता)। श्री हरिकृपा पीठाधीश्वर एवं संत श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री हरिकृपा आश्रम में विशाल समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सत्संग पाकर अपने जीवन में वांछित सुधार भी अवश्य करें। अन्यथा विशेष लाभ से वंचित रह जाएंगे। संत, गुरु व परमात्मा का कृपापात्र वही बन सकता है जो चरित्रवान, मर्यादित, कर्तव्यपरायण, सेवा, व परोपकार परिपूर्ण जीवन



व्यतीत करता है। महाराज श्री ने कहा कि आपकी कोई भी क्रिया, चेष्टा, व्यवहार या कर्म ऐसा न हो जाए जिसे देखकर कोई उंगली उठाये। मनुष्य को अपने जीवन को श्रेष्ठ व मर्यादित बनाने के लिए जहाँ से अच्छाई मिले वहाँ से ग्रहण करके अपने जीवन को समाज के लिए कल्याणकारी, श्रेष्ठ व मर्यादित बनाए। संसार में किसी को भी, कभी भी, किसी प्रकार से भी दुख, भय या कलेश नहीं पहुँचना चाहिए। उन्होंने कहा कि आत्मा व परमात्मा एक ही है मगर फिर भी अलग हैं। परमात्मा सृष्टि के कण कण में विद्यमान् है और आत्मा उसके एक अंश में, परमात्मा का आत्मा के बिना अस्तित्व है मगर आत्मा का परमात्मा के बिना कोई अस्तित्व नहीं है। परमात्मा का इस सृष्टि में सबसे एक ही नाता है भक्ति का।उन्होंने कहा कि अपने विवेक को सदैव जागृत रखें।उन्होंने कहा कि सेवा धर्म इतना सरल नहीं है जितना हमने इसे समझा है यह सबसे कठिन है।परंतु असंभव नहीं है। यदि हम प्रभु स्मरण करते हुए प्रयास करें तो इस असंभव को भी संभव किया जा सकता है।महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों को सुनकर सभी मन्त्र मुग्ध व भावविभोर हो गये।

# युवाओं को एचआईवी के प्रति करें जागरूक

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में एड्स के प्रभावी रोकथाम हेतु अधिक से अधिक युवाओं को एड्स व एचआईवी के प्रति जागरूक किया जाये। यह निर्देश जिलाधिकारी




उदयराज सिंह ने जिला कार्यालय में जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक लेते हुए दिये। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिये कि नशीली दवाओं की लत वाले ऐंसे बच्चे जो इंजेक्शन का प्रयोग करते हैं, उनके लिए अलग से मानक संचालन प्रक्रिया बनाई जाये और प्रक्रिया को पुलिस तथा जेल विभाग के साथ साझा किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि इन्जेक्शन साझा करने वाले सम्भावित बच्चों की काउंसिलिंग की जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि जनपद में एड्स से पीड़ित व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए उनका उपचार कराया जाये और यह भी सुनिश्चित किया जाये कि पीड़ित व्यक्तियों की पहचान किसी भी दशा में सार्वजनिक न हो। डीएम ने आगामी बैठकों में जेल विभाग तथा सम्बन्धित एनजीओं को भी बुलाने के निर्देश दिये। डीएम ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को आपसी तालमेल से कार्य करने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने महाविद्यालयों तथा इण्टर कॉलेजों में रेड रिबन क्लब की स्थापना करने, वाहन यूनियनों के साथ भी बैठक आयोजित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। सीपीएम डॉ.श्वेता दीक्षित ने बाल विकास, पुलिस, खेल एवं युवा कल्याण, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, समाज कल्याण, मत्स्य, श्रम, शिक्षा तथा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरूद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि उपस्थित थे।

# मीना शर्मा ने किया रामलीला का उद्घाटन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने बुधवार को भूत बंगला रामलीला मैदान में श्री राम हनुमान देवी जागरण मंडल के तत्वाधान में चल रही प्रभु श्री राम की लीला का फीता काटकर उद्घाटन किया। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा और पूर्व प्रधान और कांग्रेस नेता विजय यादव शहर के प्रमुख समाजसेवी सुध ीर अरोरा, जगदीश कलर लैब के एम डी जगदीश टंडन, पूर्व सभासद कालीचरण वाल्मीकि, निगम पार्षद प्रतिनिधि परवेज कुरैशी और कांग्रेस नेता अनिल शर्मा ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर श्री रामलीला का उद्घाटन किया। यहां पहुंचने पर श्रीमती शर्मा और अन्य अतिथियों का रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया स उन्हें फूलमालाएं पहनाकर, पीत वस्त्र डालकर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर भव्य स्वागत किया गया। बाद में मथुरा से आए हुए कलाकारों द्वारा धनुष यज्ञ और परशुराम लक्ष्मण संवाद की सुंदर लीला का चित्रण किया गया। यहां अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम



भगवान श्री राम के आदर्श आज भी हमारे लिए प्रेरणादायक और प्रासंगिक है। उन्होंने कहा की श्रीराम ने समाज के लिए अनेकानेक कार्य किए। जिन पर हम सभी को चलने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आज देश भर में भगवान श्री राम की लीलाओं का चित्रण किया जा रहा है। जगह-जगह दुर्गा पूजाएं हो रही है, इससे हमारी संस्कृति हमारी सभ्यता और हमारे संस्कारो को मजबूती मिलती है। श्री रामलीला उद्घाटन के अवसर पर अध्यक्ष रघुवर दयाल गुप्ता, राजेश गुप्ता बंटी, रवि गुप्ता, विनोद वर्मा, विजय गुप्ता, देवेंद्र मिश्रा, गिरीश श्रीवास्तव, आरपी सिंह, संतोष दिवाकर, रतनलाल पाल, अजय गुप्ता,जगदीश श्रीवास्तव,सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।







# साधू वेश में रावण ने किया सीता हरण

## रूद्रपुर नगर निगम के महापौर रामपाल सिंह ने किया श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ
## सरूपनखा नकटी, खर दूषण वध व जटायु को घायल करने की लीला का सुंदर मंचन



रूद्रपुर( उद संवाददाता)। मुख्य रामलीला में विगत रात्रि खर-दूषण की खरमस्तियां, सरूपनखा नकटी, खर-दूषण वध, सरूपनखा का रावण दरबार पहुंचना, रावण का सीता हरण करनें का फैसला लेना, रावण-मारीच संवाद, पंचवटी में स्वर्ण मृग आना, राम का स्वर्ण मृग के पीछे जाना, लक्ष्मण सीता संवाद, साधु रावण का कुटिया में आना, लक्ष्मण रेखा से लेकर सीता हरण व जटायु को घायल करनें तक की लीला का मंचन हुआ। विगत रात्रि की रामलीला का उद्घाटन मुख्य अतिथि रूद्रपुर नगर निगम के महापौर रामपाल सिंह, उनकी धर्मपत्नी श्रीमति अंजू रामपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि पार्षद बबलू सागर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला कमेटी ने सभी अतिथिगणो को माल्यार्पण कर, शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मनित किया। गणेश वंदना एवं राम वंदना के बाद प्रारम्भ हुयी लीला के प्रथम दृष्य में आज रावण की बहन स्वरूप घूमते फिरते पंचवटी पहुंच जाती है जहां वह राम और लक्ष्मण पर मोहित हो जाती है स्वरूप नखा तमाम जतन करके राम लक्ष्मण को रिझाने का प्रयास करती है और जब आखिर में थकहार जाती है तो भयानक रूप बनाकर सीता जी को काटने के लिए दौड़ती है यह देखकर आराम किया गया पर लक्ष्मण उसके नाम कान काट देते हैं।घायल स्वरूप नखा दौड़कर अपने भाइयों खर और दूषण के पास पहुंचती है और उनको यह बताती है राम और लक्ष्मण ने धोखे से उसके नाक और कान काट लिए हैं। यह सुनकर खरदूषण आग बबूला हो जाते हैं। दोनों राम के साथ युद्ध करने पहुंच जाते हैं जहां पर राम उन दोनों को सेना सहित ढेर कर देते हैं।स्वरूप नखा जब यहां समाचार लेकर रावण के दरबार पहुंचती है तो रावण अपनी बहन के अपमान के बदले में सीता को हर लाने का निर्णय कर लेता है और अपने इस निर्णय में मायावी मारीच को भागीदार बना लेता है। मारीच रावण के दबाव में स्वर्ण मार्ग बनकर पंचवटी पहुंच जाता है स्वर्ण मृग को देखकर सीता जी उसे पकड़कर लाने की जिद करती हैं तो राम उसको पकड़ने वनों में चले जाते हैं। मायावी मारीच राम की आवाज निकाल कर हाय लक्ष्मण बचाओ बचाओ की आवाज लगाता है। यह सुनकर सीता जी अपने देवर लक्ष्मण को राम जी के पीछे वनों में जाने को कहती है। सीता जी के ज्यादा जिद करने पर लक्ष्मण एक रेखा खींचकर वनों की तरफ दौड़ जाते हैं। लक्ष्मण के जाने के बाद मायावी रावण कुटिया में आने की कोशिश करता है तो उसे लक्ष्मण रेखा की शक्ति का एहसास हो जाता है। वह समझ जाता है कि अगर उसने यह लक्ष्मण रेखा पार करने का प्रयास किया तो सीता का हरण नहीं वरन उसकी खुद की मौत हो जाएगी। रावण साधु वेश धरकर कुटिया के बाहर ही अपना आसन जमा लेता है और सीता जी से भिक्षा की मांग करता है। सीता जी उसे कहती हैं कि वह कुटिया से बाहर नहीं आ सकती। यदि रावण को भिक्षा चाहिए तो कुटिया के समीप आ जाए । रावण इसको अपना अपमान करार देते हुए रामजी को श्राप देने का ढोंग करता है तो घबराकर सीता जी कुटिया से बाहर आकर उसको कंद मूल आदि की भिक्षा प्रदान करना चाहती हैं, लेकिन रावण अपने असली रूप में आ जाता है और सीता जी का हरण करके दक्षिण दिशा की तरफ बढ़ जाता है। यहां पर पक्षी राज जटायु उसे रोकने का प्रयास करते हैं लेकिन बलशाली रावण उनको बुरी तरह घायल करके दक्षिण दिशा की तरफ बढ़ता चला जाता है। लीला में गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर, राम की भूमिका में मनोज अरोरा, सीता की भूमिका में दीपक अग्रवाल, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव राज बेहड़, रावण की भूमिका में विशाल भुड्डी एवम रमन अरोरा, सूर्पनखा की भूमिका में सचिन मुंजाल, खर- अनिल तनेजा, दूषण- राजकुमार कक्कड़, मारीच की भूमिका में मोहन लाल भुड्डी, विभीषण सचिन आनन्द, मेघनाद- राजकुमार कक्कड़, जटायु की भूमिका में गोला ईदरीसी नें शानदार अभिनय कर उपस्थित हजारो जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा, संदीप धीर एवम केवल कृष्ण बत्रा नें किया। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर सीए, समन्वयक नरेश शर्मा, विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, अमित अरोरा बोबी, सुशील गाबा, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, केवल कृष्ण बत्रा, हरीश अरोरा, महावीर आजाद, अमित चावला आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, मनोज गाबा, रघुवीर अरोरा, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, राम कृष्ण कन्नौजिया, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, मनोज अरोरा, गौरव जग्गा, पुलकित बांबा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, अनमोल मिड्ढा, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा अमित वर्मा, कपिश सुखीजा, राजन राठौर, बिट्टू ग्रोवर, सनी आहूजा, सनी कोहली, लवी ग्रोवर, नोनी ग्रोवर, शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, आयुश धमीजा, नीतिश धीर, पंकज सुखीजा, सुरेश बब्बर, यमन बब्बर, मोहन अरोरा, हर्ष अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, अजय चड्डा, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरूराज बेहड़, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुश्मान सुशील गाबा, बलवंत अरोरा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा, दिव्यांश गोयल, कनव गंभीर, महेश गर्ग, संजीव कामरा, राजकुमार नारंग, सुशांत चौहान आदि उपस्थित थे।

## श्री रामलीला मैदान में किये गये विकास कार्यों का मेयर रामपाल सिंह ने किया लोकार्पण

रूद्रपुर। श्री रामलीला मंचन में मुख्य अतिथि मेयर रामपाल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पार्षद बबलू सागर नें नगर निगम।के माध्यम से श्री रामलीला मैदान पर करवाए गए निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि प्रभु श्री राम के अपार आशीर्वाद से श्री रामलीला मैदान पर विकास कार्य रूपी सेवा करने का मौका मिला है। श्री रामलीला मैदान एवम मंच बहुत मर्यादा और मान्यता वाला मंच है। श्री रामलीला कमेटी एवं श्री राम नाटक क्लब के तत्वाधान में होने वाली रामलीला में आने वाली हजारों स्थानीय जनता की सेवा में यदि मैं कुछ प्रयास कर सकता हूं तो यह मेरा सौभाग्य है। निश्चित रूप से जब भी आगे भी सेवा का मौका मिलेगा वह हर संभव कोशिश करके श्री रामलीला मैदान एवं श्री रामलीला मंच पर ऐसा ही सेवा कार्य करते रहेंगे।



## रावण की भूमिका में विशाल और रमन ने खूब लूटी वाहवाही

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की मुख्य रामलीला में पिछले कई सालों से रावण की भूमिका निभा रहे विशाल भुड्डी और इस बार पहली बार रावण की भूमिका में नजर आये रमन अरोरा ने अपने अभिनय से दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। सीताहरण के दौरान अभिनय कर रहे रमन अरोरा और मारीच-रावण संवाद और साधूभेष में रावण के रूप में विशाल भुड्डी के अभिनय ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। यहां आपको बता दे कि शहर की मुख्य रामलीला में पिछले कई वर्षो से रावण का अभिनय कर रहे विशाल भुड्डी का पैर फैक्चर हो गया था। जिसके चलते वह रावण का सम्पूर्ण किरदार नही निभा रहे है। उनके साथ मेघनाद के स्वरूप में अपनी धाक जमा चुके रमन अरोरा को रावण का अभिनय करने का मौका मिला है जिसे वह पूरी तन्मयता के साथ निभा रहे है। रावण के रूप में विशाल और रमन के अभिनय की खूब वाहवाही हुई।






## हनुमान जी की भूमिका में आज से पर्दे पर आयेंगे समाजसेवी सुशील गाबा

रूद्रपुर। श्रीराम लीला में आज प्रभु राम व उनके अनादि भक्त हनुमान के महामिलन का सुंदर दृश्य दिखाया जायेगा। आज राम विलाप, राम-हनुमान महामिलन, हनुमान का राम लक्ष्मण को कंधे पर बैठाकर श्रष्यमुख पर्वत पर ले जाना, राम सुग्रीव मित्रता, सुग्रीव बाली युद्ध तथा बाली वध तक की लीला का सुंदर मंचन दिखाया जायेगा। राम जी के पात्र की भूमिका में अनुभवी कलाकार मनोज अरोरा तथा हनुमान जी की भूमिका में सुप्रसिद्ध समाजसेवी सुशील गाबा पर्दे पर अवतरित होंगे। विगत वर्ष राम – हनुमान महामिलन के सुंदर दृष्य में दोनों कलाकारों नें बहुत भावुक व षानदार अभिनय कर जनता के दिलो दिमाग पर अपनी अमिट छाप छोड़ी थी।उनके अभिनय का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है।



## सीता हरण करके सीता हरण देखने पहुंचे ठुकराल

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बीती रात इंदिरा कालोनी की रामलीला में साधू रावण का अभिनय करने के बाद शहर की मुख्य रामलीला में सीता हरण की लीला देखने के लिए पहुंच गये। बता दें पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल दशकों से रामलीला में अभिनय करते आ रहे हैं। वह शहर की प्रमुख रामलीला में भी अभिनय कर चुके हैं लेकिन पिछले कुछ वर्षों से वह इंदिरा कालोनी की रामलीला में साधू रावण का अभिनय करते नजर आते हैं। बीती रात भी उन्होनें इंदिरा कालोनी में साधू रावण की भूमिका में अपनी अभिनय कला का शानदार प्रदर्शन किया। इंदिरा कालोनी की रामलीला में अपना अभिनय करने के बाद ठुकराल यहां बस अड्डे के पास चल रही शहर की मुख्य रामलीला में सीता हरण की लीला देखने के लिए पहुंच गये। उन्होने कलाकारों की हौंसला अफजाई की और व्यवस्थाओं की भी सराहना की। श्री ठुकराल कई वर्षों बाद शहर की मुख्य रामलीला में रामलीला मंचन देखने पहुंचे थे।



# रावण ने किया सीता हरण, श्री राम हुए व्याकुल

## साधू रावण की भूमिका में नजर आये पूर्व विधायक ठुकराल





रूद्रपुर( उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित प्रभु श्री राम जी की लीला के मंचन के नवें दिन शुभारंभ उत्तराखंड विधान सभा के उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी,कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।उनके साथ एस एस पी की धर्मपत्नी नंदिथा एएम, भाजपा नेता भारत भूषण चुघ,भरत शाह भी उपस्थित थे। रामलीला में बृहस्पतिवार रात पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल साधू रावण की भूमिका में नजर आये। उनके अभिनय को देखने के लिए रामलीला में भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्री रामलीला मंचन में रावण मामा मारीच के पास पहुंचता है और उसे स्वर्ण मृग बनने को कहता है जिससे वो सीता का हरण कर सके, मारीच और रावण का भीषण संवाद होता है मारीच रावण को समझने की चेष्टा करता है परंतु रावण नहीं मानता और अंत में मारीच स्वर्ण मृग बनकर पंचवटी में जाता है जहां सीता माता जी उनको देखकर रीझ जाती हैं और प्रभु श्री राम से मृग को पकड़ कर लाने की आग्रह करती हैं प्रभु श्री राम स्वर्ण मृग का पीछा करते-करते दूर जंगल में निकल जाते हैं,मारीच की आवाज सुन सीता माता लक्ष्मण को भी प्रभु श्री राम के पीछे भेज देती है। इतने में साधु रावण का कुटिया में प्रवेश होता है जब साधु रावण यह देखता है कि कुटिया के चारों एक रेखा बनी हुई है जिसके अंदर प्रवेश करना मुश्किल है तो वह षड्यंत्र रचकर माता सीता को उसे लक्ष्मण रेखा से बाहर बुलाता है और माता सीता का हरण करके लंका की ओर ले जाता है जटायु द्वारा रावण को रोकने की कोशिश की जाती है लेकिन रावण द्वारा जटायु का वध कर दिया जाता है प्रभु श्री राम माता सीता को पंचवटी में न देखकर बहुत व्याकुल होते हैं और विलाप करते हैं, विलाप करते-करते उनकी जंगल में शबरी से भेंट होती है शबरी उनको किष्किंधा पर्वत पर जाने का रास्ता बताती है और वहां पर प्रभु श्री राम जी से किष्किंधा के राजा सुग्रीव से भेंट होती है और उनकी आपस में मित्रता होती है। दर्शकों सभी कलाकारों की भूमिका को बहुत सराहा गया।विशेष भूमिकाओं में रावण जीतू गुलाटी, बूढ़ा मारीच नरेश घई, साधु रावण पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, सीता विशाल रहेजा, राम गौरव अरोरा,लक्ष्मण रवि कक्कड़,जटायु केशव नारंग, शबरी सनी घई, सुग्रीव विशांत भसीन, हनुमान सनी कक्कड़ द्वारा बहुत ही सुंदर अभिनय किया गया। मंच संचालन जौली कक्कड़ ने किया। श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी अतिथियों का पटका ओढ़ाकर एवं बैच लगाकर सम्मानित किया गया एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री शिव नाटक के सरपरस्त चिमन लाल ठुकराल, राजकुमार परुथी, रमेश गुलाटी, संजय ठुकराल, नरेश शर्मा ,सूरज प्रकाश सुखीजा, अध्यक्ष जगदीश सुखीजा, महासचिव राजकुमार भुसरी, कोषाध्यक्ष बबलू घई,उपाध्यक्ष बिट्टू अरोरा, अवतार सिंह खुराना, सचिव भारत हुड़िया, विजय परुथी, प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा, अक्षित छाबड़ा, राजीव झाम, राहुल अरोरा,अमर परुथी, अनमोल अरोरा, चिराग जुनेजा, हरीश जुनेजा, राजीव भसीन, अरुण अरोरा, राजदीप बठला,बंटी मुंजाल, नैतिक तनेजा, अनमोल घई,चेतन खनिजो,राकेश तनेजा, गौरव गांधी ,प्रवीण बत्रा, विशाल गुंबर, प्रवीण ठुकराल, पुष्कर नागपाल, मनीष अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।





## ठुकराल ने खूब बटोरी तालियां



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। इन्द्रा कालोनी में आयोजित श्री रामलीला में सीता हरण के दृश्य के दौरान साधु रावण की भूमिका में नजर आये पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके हर डायलॉग पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई और उनके अभिनय की जमकर तारीफ की। यहां आपको बता दे कि दर्शकों की मांग पर श्री ठुकराल पिछले कई वर्षो से इन्द्रा कालोनी की रामलीला में साधु के रूप में रावण का अभिनय कर रहे है। इससे पूर्व नगर की मुख्य रामलीला में भी श्री ठुकराल कई बार साधु रावण का अभिनय कर चुके है। गत रात्रि इन्द्रा कालोनी की रामलीला में सीताहरण का दृश्य देखने के लिये रूद्रपुर ही नही अपितु आस-पास क्षेत्रों से काफी संख्या में दर्शक पहुंचे हुये थे। श्री ठुकराल का अभिनय देख गदगद हो गये।

# मां मुरादें पूरी कर दे हलवा बांटूंगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पावन शारदीय नवरात्र के मौके पर गत रात्रि श्री दुर्गा मंदिर में मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। जिसमें भक्त नीना अग्रवाल व उनके परिजन शामिल हुए। जिसके पश्चात काशीपुर से आई भजन गायिका निशा अरोरा ने गुरू वंदना, मां का आव्हान, गणेश वंदना के के, सर को झुका के, दर पर आऊंगी, मैया देने वाली है, भक्त लेने वाले हैं, मेरी मैया महान शेरों वाली, मेरा दिल मेरी शान शेरों वाली, इक हार बना माली, शेरां वाली मां को मनाना है, देख कर श्रृंगार मां का दिल दीवाना हो गया आदि भजन सुनाये। इस दौरान मौजूद सभी भक्त तालियां बजाते हुए मां के जयकारे लगाते रहे। अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर वेद ठुकराल, रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर सन्नी, किशन नारंग, दिव्येन्द्र कुकरेती, सुनील ठुकराल मिक्की, जुगनू, नीलम गुलाटी, प्रवीन गुलाटी, दिनेश गुप्ता, बबीता ठुकराल, कंचन धीर, मंजू बब्बर, अंजली मिश्रा, अनिल ठुकराल, रीतू मुरारी, चांद मदान, कृष्ण मुरारी धीर, पिंकी, प्रदीप, अनुज कक्कड़, मनोरमा, रक्षा अरोरा, तेजस्वी मिश्रा, अनिल अरोरा, नीलम अरोरा, मनोज मदान, सुमन छावड़ा, राज अरोरा, डा. दिव्या अरोरा, लव मिश्रा, लवप्रीत, पवन गावा, आशा गाबा सहित भारी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।





गायक कलाकारों द्वारा मां के भजन सुनाये गये। इससे पूर्व पं. नवीन मिश्रा ने विधि विधान से पूजा अर्चना कराई । जजमान के रूप में डा. नवीन अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, डा. अजय अग्रवाल, बाद फूलों की वर्षा के साथ देवी देवताओं का दरबार में स्वागत किया। उन्होंने तूं कितनी अच्छी है, तूं कितनी भोली है, प्यारी प्यारी है ओ मां, मां मुरादें पूरी कर दे हलुआ बांटूंगी, ज्योति जगा

## रविन्द्र नगर में दुर्गा पूजा महोत्सव शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री श्री दुर्गा पूजा महोत्सव कमेटी रविन्द्र नगर वार्ड 37 द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। आज 20 अक्टूबर को प्रात: श्री दुर्गादेवी षष्ठी बिहीत पूजा का आयोजन किया गया। जिसके पश्चात पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य पुजारी सुमन चक्रवर्ती एवं नंदन चक्रवर्ती ने धार्मिक अनुष्ठान कराए। इस मौके पर दुर्गा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष मानस सरकार, उपाध्यक्ष प्रदीप विश्वास, संजय घोष, महेंद्र विश्वकर्मा, सचिन, शंकर मलिक, सह सचिव महेश मंडल, अर्जुन विश्वास, कोषाध्यक्ष गोपाल सरकार, सह



कोषाध्यक्ष कार्तिक मंडल, मीडिया प्रभारी हरीश अरोड़ा, सांस्कृतिक प्रोग्राम समिति एसपी सरकार, सुकुमार, विवेक महल्दार, हीरा मंडल, विशेष सहयोगी प्रकाश अधिकारी, तापस विश्वास, रंजीत राय, बलाई मंडल, अजीत मंडल, कृष्ण जोरदार, महादेव बाला, महेंद्र पाल, गोपाल शाह, सुकांत आदि लोग मौजूद थे। आज सायं 7 बजे बजे से , संध्या आरती तथा रात्रि 8:30 बजे से स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें देशभक्ति एवं भक्ति गीतों की प्रतियोगिता आयोजित होगी।

## लक्ष्मण ने काट दी सूर्प नखा की नाक

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री रामलीला मैदान में दिन की लीला मंचन में अगस्त मुनि आगमन, पंचवटी, सूर्पनखा नासिका छेदन, खर दूषण वध का मंचन किया गया। व्यास गद्दी पर



पंडित गोपाल दत्त भट्ट शास्त्री जी विराजमान रहे। सूर्प नखा पंचवटी में लक्ष्मण जी को रिझाती हुई कहती है ष्मैं तो छोड़ आई लंका का राज, लखन लाल तेरे लिए। भाई मैने छोड़े भतीजे मैने छोड़े , छोड़ा सहेलियों का साथ लक्ष्मण जी कहते हैं मेरे स्वामी तो श्री राम हैं, आप उन्हीं से जाकर बात करो, जब सूर्प नखा की दाल दोनो भाइयों के साथ नही गलती है तो वो क्रोधित हो कर सीता जी पर झपटी। इस पर लखन लाल जी द्वारा सूर्प नखा की नासिका छेदन कर दिया जाता है। व्यास पूजन में राजेश अग्रवाल, भुवन जोशी, योगेश जोशी, मधुकर श्रोत्रीय, कैलाश भारती, अभिषेक गुप्ता सिंटू सपरिवार उपस्थि रहे। इस दौरान मनोज गुप्ता पार्षद, राजेन्द्र अग्रवाल मुन्ना,अमित जोशी, पार्वती किरौला, कल्पना रावत, नीतू अग्रवाल, मीनू गुप्ता,दिपिंका अग्रवाल, अंजना गुप्ता, सीमा देवल, अतुल जायसवाल, हितेश शर्मा, महेश लाल आदि उपस्थित रहे।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। इंस्पिरेशन पब्लिक स्कूल में अंतरसदनीय बास्केटबॉल का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ0 गीतिका बल्यूटिया व प्रध



ानाचार्य अनुराग माथुर ने किया। इसमें विद्यालय के चारों सदनों रेड, ग्रीन, येलो व ब्लू हाउस के कक्षा नौ से बारह तक के बच्चों में प्रतिभाग किया। पहले दिन बालिका वर्ग में येलो हाउस ने ग्रीन हाउस को और रेड हाउस ने ब्लू हाउस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। आज खेले गए फाइनल मैचों में बालिका वर्ग में येलो व रेड हाउस में काँटे की टक्कर रही जिसमें येलो हाउस ने 17 पांइट तथा रेड हाउस ने 18 पांइट कर विजय प्राप्त की। रेड हाउस की कप्तान कशिश गोस्वामी व दिया रौतेला ने बहतरीन प्रदर्शन कर अपनी टीम को विजय दिलाई। बालक वर्ग में रेड हाउस ने ब्लू हाउस को 21-15 के भारी अंतर से हराकर फाइनल जीता। बालक वर्ग में आर्यन अग्निहोत्री व मयंक तिवाड़ी के प्रदर्शन को सभी ने सराहा। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक सुमित दास, नरेन्द्र भण्डारी, पल्लवी रावत व अंकित पाठक का प्रतियोगिता को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## फर्जीवाड़े का खेल

रसूखदार नेता कानून को कागज का पुर्जा और प्रशासनिक अधिकारियों को अपने हाथों की कठपुतली समझ कर कैसे उनका दुरुपयोग करते हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण है सपा नेता आजम खान द्वारा अपने बेटे अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाण पत्र बनवाने का मामला। विधायकी के लिए आजमाई तिकड़मों ने आजम खान, उनकी पत्नी तंजीन फातिमा और बेटे अब्दुल्ला को फिर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया है। तीनों को सात साल की कैद हुई है। दरअसल, आजम खान ने अपने बेटे अब्दुल्ला को विधायक बनाने के लिए सभी नियम-कानून ताक पर रख दिए थे। अब्दुल्ला आजम को 2017 में विधानसभा चुनाव लड़ना था, लेकिन वे इसके लिए जरूरी न्यूनतम आयु सीमा पच्चीस वर्ष की अर्हता पूरी नहीं करते थे। रामपुर नगर पालिका द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र में उनकी जन्मतिथि एक जनवरी उन्नीस सौ तिरानबे बताई गई थी। मगर तत्कालीन समाजवादी पार्टी की सरकार में मंत्री आजम खान ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए लखनऊ से तत्काल दूसरा जन्म प्रमाण पत्र बनवा लिया, जिसमें अब्दुल्ला का जन्म तीस सितंबर, उन्नीस सौ नब्बे को हुआ बताया गया। इस तरह बेटा विधायक तो बन गया, लेकिन उसके बाद वे कानून के जाल में फंसते चले गए। आजम खान यह जरूर जानते होंगे कि कोई भी नागरिक अगर जानबूझ कर कानून का उल्लंघन करता है, तो सजा का भागीदार होता है। कानून की नजर में कोई बड़ा या छोटा नहीं होता। सवाल उठता है कि इसके बावजूद उन्होंने स्वयं ऐसा आपराधिक कृत्य क्यों किया, जिसने उनके लंबे सार्वजनिक जीवन को न केवल दागदार किया, बल्कि उनके पूरे परिवार के राजनीतिक सफर पर एक तरह से विराम ही लगा दिया। मंत्री की हैसियत से उनकी जिम्मेदारी तो कानून के रक्षक वाली होनी चाहिए थी, उसके उल्लंघन करने वाले की नहीं। मगर यह आदर्श कितने नेता मानते हैं! दरअसल, भारतीय राजनीति में यह सोच मजबूत होती गई है कि जब सत्ता में होंगे तो अवैध लाभ अर्जित करने के लिए कुछ भी करेंगे और कोई उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगा। हमेशा साफ छवि होने का दावा करने वाले आजम खान भी इसी सोच को आगे बढ़ाते दिखे। अफसोस की बात यह है कि आजम खान को राजनीतिक पीड़ित बताकर सहानुभूति बटोरने और राजनीति में गहरे पैठ बना चुके भ्रष्टाचार को नजरअंदाज करने की कोशिशें हो रही हैं, लेकिन अदालती कार्यवाही के दौरान सामने आए तथ्यों से साफ पता चलता है कि यह मामला कहीं से भी राजनीतिक प्रतिशोध का नहीं है। एक अपराध हुआ है और उसमें संलिप्त दोषियों को उनके किए की सजा मिली है। आजम खान रामपुर विधानसभा सीट से दस बार विधायक और चार बार उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। उनकी पत्नी फातिमा भी राजनीतिशास्त्र की प्रोफेसर होने के साथ-साथ विधायक और राज्यसभा सदस्य रही हैं। ऐसे लोगों से कानून के पालन की स्वाभाविक उम्मीद की जाती है। जब वे ऐसे गलत काम करते हैं, तो समाज में बहुत खराब संदेश जाता है। इन्हें मिली सजा दूसरों के लिए भी बड़ा सबक होनी चाहिए। किसी भी आपराधिक कृत्य को धर्म या राजनीति की आड़ में छिपाने का प्रयास उस लालची और भ्रष्टाचारी सोच को और मजबूती प्रदान करेगा, जो सार्वजनिक जीवन में शुचिता, ईमानदारी और कर्तव्य परायणता को घुन की तरह खाए जा रही है।

# कांग्रेस नेताओं ने रूड़की में निकाली किसान सम्मान रैली

## किसानों की आंख में धूल झोंकने का प्रयास कर रही सरकार : हरीश रावत


हरिद्वार(उद संवाददाता)। कांग्रेस ने किसानों के साथ मिलकर नारसन से रुड़की तक किसान सम्मान रैली का आयोजन किया। पूर्व सीएम हरीश रावत के नेतृत्व में किसान सम्मान ट्रैक्टर रैली निकाली गई। वहीं गन्ने की फसल हाथों



में लेकर किसान ट्रैक्टर में बैठक रवाना हुए। रैली में नेता प्रतिपक्ष नेता यशपाल आर्य के साथ सैकड़ों कांग्रेसी नेता और किसान शामिल रहे। गुरुवार को कांग्रेस के नेताओं ने किसानों के साथ मिलकर किसान सम्मान रैली का आयोजन किया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आयोजित किसान सम्मान रैली में पहुंचे प्रदेश के पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को गन्ने का खरीद मूल्य घोषित करने और उसे कम से कम सवा चार सौ रुपए क्विंटल घोषित करने की मांग,आपदा और बाढ़ से प्रभावित किसानों के सभी तरह के फसली ऋृण को माफ करने और नई फसल तक किसानों के बिजली के बिल माफ करने की मांग को लेकर रैली निकाली। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि उत्तराखंड में अब किसान भाजपा की नीतियों से ऊब चुका है। जिस वजह से सरकार बदलने के मूड में दिखाई दे रही है। वहीं रैली में मौजूद नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने भी कड़े तेवर दिखाते हुए कहा कि देश का किसान अन्नदाता है। लेकिन भाजपा सरकार ने उनका अनादर किया है। इसी बात को लेकर अब किसान इस झूठी सरकार से तंग आकर 2024 में पूरे देश से सरकार को उखाड़ फेंकना चाहता है। इस दौरान मीडिया से वार्ता करते हुए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि हरिद्वार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आपदा से प्रभावित किसानों की सरकार सुध नहीं ले रही है। उन्होंने राज्य सरकार से किसानों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि किसान यूनियन और राज्य के किसानों को फिर सरकार ने छल दिया है। कह रहे हैं कि आपदा का पुर्न सर्वेक्षण करवाएंगे। क्या कृषि मंत्री जी यह समझते हैं कि आज भी किसान के खेत में पानी खड़ा ही होगा, उसमें उसका गन्ना सड़ ही रहा होगा ? जहां किसान का धान नष्ट हो गया था, चरी नष्ट हो गई थी, आगे की फसल की तैयारी नहीं की होगी ? अब सर्वेक्षण किस बात का करवाओगे? यह किसानों की आंख में धूल झोंकने का एक प्रयास है। सीधी सी मांग है, किसानों का जो आपने 1100 प्रति बीघा मुआवजा दिया है, वह किसानों का अपमान है। हमारी मांग तो 10 हजार रुपया प्रति बीघा है, आप अपनी क्षमता देखकर के इसको बढ़ाइये। चलो हमारी ट्रैक्टर रैली का इतना तो असर हुआ और जब 19 अक्टूबर को किसान फिर सड़क में होगा तो हो सकता है कुछ और सरकार की इंद्रियां खुलें और वो किसानों में अपनी रेटिंग को सुधारने के लिए कुछ प्रयास करें।

# रजिस्ट्री फर्जीवाड़े के मास्टरमाइंड केपी सिंह की मौत

देहरादून(उद संवाददाता) रजिस्ट्री फर्जीवाड़े के मास्टर माइंड कुंवर पाल सिंह उर्फ केपी सिंह की सहारनपुर जिला



जेल मौत हो गई। जेल प्रशासन की ओर से मौत की वजह हार्ट अटैक बताया है। केपी सिंह के देहरादून के वकील कमल विरमानी से गठजोड़ था और दून में बड़ी-बड़ी जमीनों के फर्जीवाड़े में शामिल था। केपी सिंह की मौत से कई सवाल भी उठने लगे हैं। रजिस्ट्री फर्जीवाड़े से जुड़े तीन बाइंडर की बीते चार सालों में संदिग्ध परिस्थितियों में अलग-अलग हादसों में मौत हो चुकी है। जिसमें से दो की शराब पीने और एक की सड़क हादसे में मौत हुई। पुलिस ने जब इन मौतों का कारण जानने के लिए जांच की तो पता चला कि तीनों में से किसी का भी पोस्टमार्टम नहीं कराया गया था। इसलिए पुलिस तीनों बाइंडरों की मौत को किसी साजिश का हिस्सा मानते हुए इसकी भी जांच कर रही थी। अब जेल में बंद केपी सिंह की मौत से फिर कई सवाल उठने लगे हैं। हर कोई अपने अपने कयास लगा रहा है। केपी सिंह की मौत सामान्य है या किसी की साजिश का हिस्सा, इस सवाल का जवाब पुलिस के लिए ढूंढना किसी चुनौती से कम नहीं है। रजिस्ट्री फर्जीवाड़े मामले में अब तक 17 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमें केपी सिंह भी एक था। पिछले दिनों जब केपी सिंह की देहरादून पुलिस ने तलाश शुरू की तो वह नाटकीय ढंग से पुराने मामले में सराहनपुर में जमानत तुड़वाकर जेल चला गया था। केपी के खिलाफ सहारनपुर में भी मुकदमा दर्ज था। जबकि वह देहरादून के दो मुकदमों में नामजद था। इस मामले में अब तक 17 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इनमे से केपी सिंह भी एक था। पिछले दिनों जब केपी सिंह की देहरादून पुलिस ने तलाश शुरू की थी तो वह नाटकीय ढंग से पुराने मामले में जमानत तुड़वाकर जेल चला गया था। केपी के खिलाफ सहारनपुर में भी मुकदमा दर्ज था। जबकि वह देहरादून के दो मुकदमों में नामजद था।

# आगजनी के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रीत विहार कालोनी में बीते दिनों परिवार पर हमला औरन दुकानम` अगाजनी के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। चारों को कोर्ट में पेश कर ज5ेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। बताया कि बीते दिनों प्रीत विहार में कुछ लोगों ने एक परिवार के साथ मारपीट करने के साथ ही दुकान में आग लगा दी थी। मामले में पीड़ित की



तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर लिया था अब मामले में विपिन दिवाकर पुत्र लेखराज दिवाकर,निवासी- आनंद बिहार कालोनी प्रीतबिहार रुद्रपुर ,लालू आलम उर्फ जावेद पुत्र छोटक मिया उर्फ छोटू निवासी- गली नंबर 01 प्रीतबिहार फाजलपुर महरौला, रुद्रपुर ,गुरजीत सिंह पुत्र दलबीर सिंह निवासी- खानपुर बस्ती बिलासपुर रामपुर ,तवरेज अंसारी उर्फ बाबू पुत्र छोटक मिया उर्फ छोटू निवासी- गली नंबर 01 प्रीतबिहार फाजलपुर महरौला को वीनस होटल से आगे खाली मैदान से गिरफ्तार कर लिया है।

# विधायक बेहड़ ने की किच्छा के 20 वार्डों की समीक्षा बैठक

किच्छा (उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने किच्छा आवास विकास स्थित अपने कार्यालय में लगातार 2 दिन किच्छा शहर के सभी 20 वार्डो को लेकर पार्टी के सभासदों,पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की जिसके तहत हर वार्ड के कांग्रेस सभासद अथवा पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ वार्डों में चल रहे अथवा स्वीकृत किये गए विकास कार्यो की प्रगति पर चर्चा की गयी। इस दौरान विधायक बेहड़ ने प्रत्येक वार्ड के सभासद, पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं से उनके वार्ड में विकास कार्य से सम्बंधित सुझाव मांगे तथा वार्ड की समस्याओं से अवगत कराने को कहा। हर वार्ड के निवासियों ने अपने-अपने वार्ड की समस्यों और जनहित में आवशयक योजनाओं को कराये जाने हेतु विधायक बेहड़ को अवगत कराया द्य इस दौरान विधायक बेहड़ ने प्रत्येक कार्यकर्त्ता की बात को बड़ी गंभीरता से सुना और छोटी-छोटी समस्याओं का मौके पर ही निश्तारण



किया गया तथा अति आवश्यक योजनाओं को पूरा कराये जाने की घोषणा की तथा बेहड़ ने कार्यकर्ताओं द्वारा दिए गए सभी सुझावों व योजनाओं को लिखकर उनमे से महत्वपूर्ण योजनाओं को छांटा तथा अगली विधायक निधि के प्रस्तावों में सम्मिलित करने का आश्वाशन दिया। विधायक बेहड़ ने कहा कि किच्छा के सभी वार्डो का बराबर विकास होगा और आने वाले समय में किच्छा के हर वार्ड के विकास के लिए और बजट दिया जायेगा। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी,ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,ओम प्रकाश दुआ,सभासद रणजीत नगरकोटि, लियाकत अंसारी, हसीब अहमद, राजकुमार कोली, जगरूप सिंह गोल्डी,फिरासत खान,नजाकत खान, इन्तजार मालिक, दानिश मालिक, मोहम्मद आरिफ,तोशिब अंसारी,सईदुल रहमान,अफसार कुरैशी,दलीप सिंह बिष्ट,त्रिपत पाल गंभीर,गुलशन सिन्धी,जितेन्द्र संधू,फरियाद शाह,मनेन्द्र सिंह,मोहम्मद ताहिर,एन यू खान,हरभजन सिंह, सुनीता कश्यप, सुधा जोशी,मीना शर्मा, कलावती, राजेश अरोरा,दुर्गेश गुप्ता,त्रिलोक खुराना,राकेश खुराना, फजील खान,दलजीत कक्कड़, डिम्पल सिंह,नितिन शर्मा,रिजवान अंसारी,शोएब अहमद, सोनीबोरा,शानू मलिक,महेंद्र सिंह,राजू बेदी,खालिद अहमद, प्रवीनसैन,अर्जुन कोली,नंदलाल,जमील अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# पहाड़ी छोलिया बैंड के साथ निकली राम बारात

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। आदर्श पर्वतीय रामलीला कमेटी शक्तिफार्म के तत्वाधान में रामलीला मंचन के चौथे दिन राम बारात का आयोजन किया



गया। पर्वतीय रामलीला के आयोजकों द्वारा सुंदर झाकियों के साथ बैंड बाजे और पहाड़ी बैंड छोलिया ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल से शक्ति फार्म बाजार होते हुए न्यू ज्ञान दीप पब्लिक स्कूल पर पहुंची पहाड़ी परिधान में सुसज्जित महिलाएं छोलिया नृत्य के साथ झोड़ा गाकर सुंदर राम बारात निकाली गई। इस मौके पर लोगो की भीड़ राम बारात में शामिल थी।इस मौके पर कमेटी के सभी पदाधिकारी सदस्य सहित दिनेश तिवारी, सुंदर डसीला, नवीन जोशी,हरीश कोटिल्या,कुंदन सिंह ,निर्मल सिंह,गोविंद पोखरिया, दीपेंद्र रावत, राजु डसीला,नरेंद्र भट्ट ,चंदन सिंह,मुकेश रावत, करन सामंत, नंदन सिंह,दीपक सिंह,बिनोद बिष्ट,पान सिंह ,हरीश , चंदर राम,दीवान सिंह आदि थे ।

# दिपुल विश्वास सचिव,सूर्यप्रताप बने यूथ कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। युथ कॉग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेन्द्र आर्य ने पत्र जारी कर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। संगठन के प्रति निष्ठा और बेहतर काम को देखते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष यूथ कांग्रेस श्रीनिवास, प्रदेश प्रभारी शिवी चौहान , प्रदेश सह प्रभारी नवनीत कौर , प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर सिंह भुल्लर



एवं समस्त गणमान्य के अनुमोदन के पश्चात जिला अध्यक्ष युथ कांग्रेस उधम सिंह नगर नरेन्द्र आर्य ने शक्तिफार्म नगर पंचायत निवासी दिपुल विश्वास को जिला सचिव व तिलियापुर निवासी सूर्य प्रताप सिंह को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। सूचना मिलते ही कांग्रेसिओ मे खुशी की लहर दौड़ उठी।बधाई देने वालो मे नवतेज पल सिंह उत्तम आचार्य ,सुमिन्दर यादव , प्राण मंडल ,रिपुसूदन मण्डल, सरस्वती वाला,सागर मंडल दीपक विश्वास, श्रीकांत , सुकुमार चक्रवर्ती, शिवा अमित रविकांत आदि शामिल थे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष पठान ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर/केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। विद्युत कनेक्शन मिलने में आ रही परेशानियों को मध्य नजर रखते हुए नगर पंचायत केलाखेड़ा के अध्यक्ष अकरम पठान ने विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर समस्या से अवगत कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम पठान ने अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल को ज्ञापन देते हुए बताया कि केलाखेड़ा में कुछ गरीब वर्ग के लोग हैं जो नगर पंचायत कार्यालय में कर संग्रहालय में हाउस टैक्स देते हैं और रजिस्टर में नाम दर्ज कर रखा है जिन्हें हाउस टैक्स की रसीद से विद्युत कनेक्शन



देने की मांग की नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम पठान ने उपखंड अधिकारी को अवगत कराते हुए कहा की 3 दिन के अंदर विद्युत विभाग द्वारा अगर नए कनेक्शन नहीं दिए जाते हैं तो उनके द्वारा धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा इस दौरान सभासद जितेंद्र चानना, सभासद प्रतिनिधि हनीफ ठेकेदार, सभासद फरीद अल्वी आदि लोग मौजूद रहे।



# वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च पर आधरित शोध की शुरुआत

## राज्यपाल ने ली राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ,राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गुरुवार को राजभवन में राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक ली। बैठक में सभी विश्व विद्यालयों के कुलपति और शासन के उच्चाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में राज्यपाल ने कहा कि सभी विश्व विद्यालय राज्य हित में योगदान हेतु उनकी विशेषज्ञता के आधार पर एक-एक शोध प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि वन यूनिवर्सिटी-वन रिसर्च पर आधारित यह शोध राज्य के विकास और लोगों के जीवन उन्नयन हेतु उपयोगी साबित हो। उन्होंने कहा कि विश्व विद्यालय एक वर्ष तक अपने गहन शोध के माध्यम से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें, जो राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। विश्वविद्यालय अपनी विशेषज्ञता के अनुसार अपने शोध के विषय चयन करेंगे। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के शोध के आधार पर तैयार दस्तावेज को जमीनी स्तर पर लागू किये जाने हेतु इसे सरकार से साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों के शोध एवं अनुसंधान का लाभ लोगों को मिले तभी इसकी सार्थकता होगी। बैठक में सभी कुलपतियों द्वारा शोध किये जाने वाले विषयों पर अपने अपने प्रस्तुतिकरण दिये। राज्यपाल ने कहा कि कुलपति डिजिटलीकरण, आर्टिफिशियल



इंटेलिजेंस और टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए विश्वविद्यालयों में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करें। उन्होंने विश्वविद्यालयों की प्रत्येक कार्यप्रणाली में तकनीक का अधिक से अधिक उपयोग करने के निर्देश दिये। राज्यपाल ने नवीन तकनीकों पर आधारित विश्वविद्यालयों की बेस्ट प्रेक्टिसिज को आपस में साझा करने पर भी जोर दिया। राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को अच्छे संस्थानों में चयनित किये जाने हेतु विशेष प्रयास किये जाए इसके लिए शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। राज्यपाल ने कहा कि विश्व विद्यालयों में शिक्षकों व शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करने हेतु बेस्ट टीचर व बेस्ट रिसर्चर्स अवॉर्ड शुरू किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे शिक्षक व शोधार्थी प्रेरित होंगे और वे अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करेंगे। राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों में ई-लाइब्रेरी स्थापित किये जाने हेतु भी कुलपतियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि तकनीकी की इस दौर में ई-लाइब्रेरी का होना बेहद जरूरी है जिसमें छात्रों के लिए पाठ्य सामग्री ऑनलाइन उपलब्ध रहें। इस दौरान राज्यपाल ने वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) की ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ भी किया। इस ई-लाइब्रेरी में 7.24 लाख पाठ्यसामग्री उपलब्ध हैं। इसमें एक हजार से अधिक विश्वविद्यालयों के ई-शोध पत्र, एक लाख से अधिक वीडियो लेक्चर और 19 हजार से अधिक ई-बुक्स उपलब्ध रहेंगी। बैठक में यूटीयू के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने विश्व विद्यालय द्वारा दिये जाने वाले अंक तालिका एवं उपाधियों में सुरक्षा विशेषता संबधी प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि छात्रों को दी जाने वाले उपाधि व अंक तालिकाओं में 25 सुरक्षा विशेषता हैं जो डुप्लिकेसी की संभावना को खत्म करेगी इसकी शुरूआत विश्वविद्यालय द्वारा कर दी गई है। उन्होंने इसक लाइव डेमो भी दिया। उन्होंने विश्वविद्यालय में प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण से संबंधित अन्य नवाचारों की भी जानकारी दी। राज्यपाल ने तकनीकों पर आधारित नवाचारों के लिए उन्हें शाबासी दी। इस बैठक में राज्यपाल ने कुलपतियों द्वारा विश्वविद्यालय में किए जा रहे नवाचारों की सराहना की और अधिक बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों की चुनौतियों के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे। बैठक में विश्वविद्यालयों द्वारा संस्थानों की संबद्धता सहित अन्य बिन्दुओं पर भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव डॉ. पंकज कुमार पांडेय, चंद्रेश कुमार यादव, दीपेंद्र चौधरी, विधि परामर्शी श्री राज्यपाल श्री अमित कुमार सिरोही, अपर सचिव स्वाति एस भदौरिया, डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव, डॉ विजय जोगदंडे, नमामि बंसल सहित राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपति उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय डॉ.ओ.पी.एस नेगी, कुलपति श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय प्रो. एन के. जोशी, कुलपति जी.बी.पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय डॉ. मनमोहन चौहान, कुलपति आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलपति उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय प्रो. दिनेश चंद्र शास्त्री, कुलपति चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय प्रो. हेमचन्द्र, कुलपति कुमाऊँ विश्वविद्यालय दीवान सिंह रावत, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, कुलपति औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय डॉ. परविंदर कौशल और कुलपति सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

# तार्किकता जीवन का बुनियादी हिस्सा: नरेन्द्र

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा के आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ-आईक्यूएसी तथा कैरियर काउंसलिंग सैल



द्वारा संयुक्त रूप से प्रतियोगिता परीक्षाओं में तार्किक दक्षता की उपयोगिता विषय पर परामर्श व्याख्यान आयोजित किया गया। रिसोर्स पर्सन डॉ0 नरेन्द्र कुमार सिंह असिस्टेंट प्रोफेसर गणित विभाग, एम0बी0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्द्वानी ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की दृष्टि से तार्किक दक्षता-रीजनिंग संबंधी पक्षों पर जानकारी दी। कहा कि तार्किक दक्षता एवं सामान्य मानसिक योग्यता संबंधी प्रश्न प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षाओं का अनिवार्य हिस्सा होते हैं। जिसमें संख्या अक्षर श्रृंखला कोडिंग एवं डिकोडिंग, वर्गीकरण रक्त संबंधी दिशा परीक्षण, श्रेणीक्रम, कैलेण्डर तथा विश्लेषणात्मक तर्कयुक्ति की जरूरत पड़ती है। तार्किकता प्रतियोगी परीक्षाओं का ही नहीं जीवन का अहम हिस्सा है। निरंतर अध्ययन, समाचार पत्र, संपादकीय का अध्ययन हमारे आलोचनात्मक दृष्टिकोण के विकास में मददगार होते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ० प्रकाश चन्द भट्ट ने एवं धन्यवाद ज्ञापन कैरियर काउंसलिंग प्रकोष्ठ संयोजिका प्रो० पुष्पा देवी ने किया। सभा में डॉ० नरेश कुमार डॉ० उमराव, डॉ0 हर्षिता, डॉ मनीषा श्री शुभम, लवली पाण्डेय,आनन्द सिंह ने भाग लिया। कार्यक्रम से 90 प्रतिभागी लाभान्वित हुए।

# महिला आरक्षण बिल पारित होने पर जताया आभार

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। नगर पंचायत परिसर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा महिलाओ के हित मे नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागु होने से महिलाओ मे खासा उत्साह है। कार्यक्रम मे पहुंची प्रदेश उपाध्यक्ष मोहिनी पोखरिया ने सभा को सम्बोधित करते हुये कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओ के लिए विभिन्न योजनाये ला रही है,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ महिलाओ को वोट बैंक ना समझकर महिलाओ को सम्मान और अधिकार देने का काम कर रही है।महिलाओ की क्षमताओ और प्रतिभा को आगे बढ़ाने के सहयोग किया है।नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत लोकसभा और राज्य विधान सभा मे महिलाओ के लिए 33 प्रतिशत सीटों पर आरक्षण का प्रावधान है,इसके माध्यम से




लोकतंत्र और मजबूत होगा।इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील विश्वास, सांसद प्रतिनिधि कार्तिक राय,बाल आयोग सदस्य सुमन राय,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जया जोशी,जिला उपाध्यक्ष शिखा हालदार, महिला मोर्चा अध्यक्ष मीनाक्षी विश्वास,पूर्व अध्यक्ष मीना मजुमदार, सभासद लीलिमा मजुमदार, एकल की सोनिया मण्डल, अनिता दत्त आदि महिलाये मौजूद थी।

# भारत की जानो प्रतियोगिता में सेंट थेरेसा रहा विजेता

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम द्वारा आयोजित भारत की जानो प्रतियोगिता के प्रश्न मंच मे सीनियर एवं जूनियर मे सेंट थेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्रथम एवं दूसरे स्थान पर सरस्वती एकेडमी एवं तीसरे स्थान पर इंस्पेरेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल रहा।जूनियर मे प्रथम सेंट थरेसा सी से स्कूल, दूसरे मे सरस्वती एकेडमी, तीसरे स्थन मे जिम कॉर्बेट स्कूल रहें।कार्यक्रम में जूनियर मे 25 विद्यालयों ने, सीनियर मे 23 ने भाग लिया। कार्यक्रम का प्रारम्भ प्रांतीय कोषाध्यक्ष प्रयांशु बंसल, प्रांतीय संगठन मन्त्री डॉ बिनय खुल्लर, अध्यक्ष दीपक माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलन कर किया।कार्यक्रम मे सचिव रश्मि जैन, कोषाध्यक्ष दीपक बिस्ट, संयोजक नीलम शर्मा, रेणुका गर्ग, कनिका बमेटा,अंजू भट्ट, अलोक सक्सेना, विशाल गरिमा सिंघल, सीमा खानुजा,अपर्णा नेगी, ध्यामली, हरीश गोरा, जीतेन्द्र, राजीव, ज्योति हरबोला मौजूद थे।



# वन गुर्जरों को उजाड़ने से रोकने को सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। वन विभाग द्वारा वन गुर्जरों के बच्चों के स्कूलों को उजाड़ने, बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित लिये जाने तथा नमाज पढ़ने से रोके जाने, नमाज स्थल को ही ध्वस्त किए जाने के विरोध में अखिल भारतीय किसान महासभा ने उपजिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया।महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी ने बताया कि लंबे समय से सरकारी स्कूल की मांग कर रहे वन गुर्जरों द्वारा सरकार द्वारा मांग न माने जाने पर अपने बच्चो को शिक्षा दिये जाने के लिए स्कूल खोले थे। केन्द्रीय वन प्रभाग के अन्तर्गत भुड़ा खत्ता, नहर खत्ता, टांडा, ढिमरी , तिलपुरी क्षेत्र में वन विभाग द्वारा स्कूलों को तोड़ दिया गया। शिक्षक भी वन गुर्जरों ने अपने खर्च से ही नियुक्त किये थे। ढिमरी खत्ता में बन गुर्जर के



नमाज पढ़ने के स्थल को तहस-नहस किया गया। जंगी ने कहा कि प्रदेश सरकार भारत के संविधान के तहत मिले नागरिकों के अधिकार का उल्लंघन कर रही है। अत: उत्तराखण्ड के वन खत्तों में रहने वाले हजारों वन वासियों को उजाड़ने पर रोक लगाई जाए एवं उनके बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित करना बंद किया जाय।ज्ञापन देने वालों में बहादुर सिंह जंगी, डा. कैलाश पाण्डेय, मो. यामीन, मो. शफी, शमशाद आदि शामिल रहे।

## पेज एक का शेष...

**कार शेरूम से चुराये...**जाते हुए देखा गया। इसके अतिरिक्त पिछले तीन दिनों की सीसीटीवी फुटेज देखने पर पाया कि प्रकाश चन्द्र का साथी गोकुल पुत्र प्रमोद कुमार भी तीनों दिन स्ट्यूरियो व कैमरा चोरी कर ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। यह घटना सामने आने पर उपरोक्त दोनों को वर्कशाप में तलाश कराया गया। दोनों व्यक्ति गायब मिले । जिस पर ठेकेदार के एरिया मैनेजर प्रकाश पाण्डे तथा स्टाप के प्रवीन सिंह तथा अन्तरिक्ष शर्मा को प्रकाश चन्द्र के आवास विकास स्थित किराये के कमरे में भेजा गया।जहां प्रकाश चन्द्र मौजूद मिला। उसके कमरे में रखा चोरी किया हुआ एक स्टयूरियो डिरीवन कम्पनी का डिब्बे में पैक सुदा बरामद हुआ। प्रकाश चन्द्र ने बताया कि यह स्टूरियो उसने 16 अक्टूबर को चोरी किया था तथा एक स्टयूरियो उसी स्टोर से चोरी कर अपने साथी गोकुल के बेचने हेतु दिया है । गोकुल ने उसे 1000 रुपये दिये और यह भी बताया कि गोकुल भी काफी समय चोरी कर रहा था और उसी के कहने पर उसने भी चोरी कर ली। तजेन्द्र का कहना है सीसीटीवी फुटेज के अनुसार उपरोक्त दोनों चोर प्रतिदिन लन्च के समय चोरी करते आ रहे हैं। इनके द्वारा अब तक लाखो का सामान चोरी कर लिया गया है प्रकाश चन्द्र का मोबाइल चौक किया तो उसके द्वारा अपने मोबाइल के व्हाट्सएप के माध्यम से माल बेचने हेतु स्ट्यूरियो का फोटो आलम नाम के एक व्यक्ति को भेजा गया है तथा चैटिंग भी की गई है । इस चोरी की घटना में एरिया मैनेजर प्रकाश पाण्डे की भी मिली भगत है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संदिग्ध हालातों में ..** के शव को फांसी के फंदे से नीचे उतर कर जरूरी जानकारी जुटाना के बाद उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से पोस्टमार्टम के बाद आज सब परिजनों के हवाले कर दिया गया। मृतक नितिन गुलाटी पिछले लगभग 7 वर्ष तक तनिष्क शोरूम में सेल्समैन के रूप में कार्यरत रहा। लगभग 1 वर्ष पूर्व अज्ञात कारणों के चलते उसने तनिष्क से नौकरी छोड़ दी। बताया जा रहा है कि सर्राफा की दुकान से नौकरी छोड़ने के बाद परिवार में आए दिन क्लेश होने लगा था। पारिवारिक बातों को लेकर नितिन पिछले कुछ दिनों से काफी परेशान था।

**गुलदार के हमले मे...**ने बताया कि बाघ ने गश्त के दौरान एक वन कर्मी पर हमला कर दिया है। साथ में मौजूद अन्य वन कर्मियों ने शोर मचाकर अपनी जान बचाई, लेकिन बाघ पवन कुमार को झाड़ी में खींच कर ले गया। अन्य श्रमिकों वन कर्मियों ने हवाई फायरिंग की तो बाघ पवन कुमार को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घटना के बाद घायल को तत्काल इलाज के लिए करीब के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई है। घटना के बाद अब क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गयी है।

**दीवार गिरने से ....**मरम्मत कराने की मांग कर रहे थे। लेकिन कॉलेज प्रशासन ने छात्रों की मांगों को अनदेखा करने का काम किया। यही वजह है कि कॉलेज प्रशासन की घोर लापरवाही की वजह से लड़की की मौत हो गई। छात्रों ने चेतावनी देते हुए कहा, इस संबंध में संबंधित शिक्षकों व अधिकरियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई या प्राचार्य की ओर से इस्तीफा नहीं दिया गया तो वह उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

**पिकप खाई में ...**गया। जहां डॉक्टर द्वारा गंभीर रूप से घायल मनोज कुमार को मृत घोषित किया गया तथा घायल जीत सिंह व राजेंद्र राम को प्राथमिक उपचार के उपरांत हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**झांसा देकर....**के लिए बोला। मना करने के बाद उन्होने नम्बर ब्लाक कर दिया। इसके बाद 15 जुलाई को उसने इस फ्राँड की सूचना राजस्थान पुलिस एंव बैंक को दी । बैंक ब्रांच ने यह बताया कि इस नम्बर को सीज कर दिया है एंव आपका पैसा सुरक्षित है। 21 जुलाई को साइबर पुलिस मे आँनलाईन शिकायत की। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बैटरी रिक्शा चालकों के मनमानी से ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल

## टांडा उज्जैन और चीमा चौराहे पर लग रहा भीषण जाम

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। वाहनों की चेकिंग पर ट्रैफिक पुलिस ने पूरी तरह से ब्रेक लगा दिए हैं। बैटरी रिक्शा की नियमित रूप से जब तक चेकिंग होती रही उनमें वर्दी के प्रति भय के भाव देखे जाते थे। अधिकांश चालकों की गले में पहचान पत्र होता था लेकिन इसकी अनिवार्यता खत्म होते ही वापस सब कुछ एक बार फिर से पटरी पर लौट आया। ई रिक्शा चालक एक बार फिर से बेलगाम हो चुके हैं। टांडा उज्जैन में फल मंडी से प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटा दिया गया लेकिन यहां बैटरी रिक्शा चालकों ने उक्त स्थान को सवारी भरने के लिए अवैध अड्डा बना लिया है। यातायात पुलिस द्वारा फंडा बदलने के कारण वाहन चालकों ने एक बार फिर से नियम कायदों की अनदेखी शुरू कर दी। त्योहारों का सिलसिला शुरू हो चुका है ऐसे में नगर की सड़कों पर अथवा बाजारों में अभी से ही भीड़भाड़ शुरू हो गई है। टांडा उज्जैन क्षेत्र में दिन में कई कई बार भीषण जाम लगने के वाहनों की लंबी कतार लग रही है। ट्रैफिक जाम के कारण स्कूली छात्र-छात्राओं समेत नौकरी पैसा लोगों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर उक्त स्थान पर गंभीर दुर्घटनाओं की भी आशंका बनी रहती है इसके बावजूद ट्रैफिक जाम से निजात पाने के लिए सफेद वर्दी ने अब तक कोई सार्थक कदम नहीं उठाए हैं। इसी तरह रामनगर रोड पर चीमा चौराहे के आसपास बारंबार जाम लगने के कारण स्थिति बेहद बदतर हो चुकी है। यानी काशीपुर से होकर यदि किसी को आगे की यात्रा करनी है अथवा काशीपुर शहर में प्रवेश करना है तो उसके लिए यह यात्रा चुनौती पूर्ण कहीं जा सकती है। नगर की विभिन्न स्थानों पर लगातार ट्रैफिक जाम लगने के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। गंभीर दुर्घटनाओं में लोग मौत के मुंह में भी जा रहे हैं लेकिन इसके बाद भी यातायात व्यवस्था में तब्दीली नहीं देखी जा रही है।



## 6500 बैटरी रिक्शा में 2075 के ही हुए सत्यापन

काशीपुर। शहर के ट्रैफिक व्यवस्था का हाल सबसे ज्यादा ई रिक्शा (टुकटुक) चालकों ने बर्बाद कर रखा है। जानकारों की मानें तो नगर में वर्तमान में लगभग 6500 बैटरी रिक्शा संचालित है। इनमें से लगभग 2075 ई रिक्शाओं के ट्रैफिक पुलिस द्वारा सत्यापन किए गए हैं जबकि बाकी के बैटरी रिक्शा का कोई पुरसा हाल नहीं है। बैटरी रिक्शा के सत्यापन बंद कर दिए गए। नगर की सड़कों पर आज भी हजारों की तादाद में ऐसे बैटरी रिक्शा दौड़ रहे हैं जिनका ना कोई रजिस्ट्रेशन है और ना ही कोई सत्यापन। मजे की बात तो यह है कि इन बैटरी रिक्शा के चालकों के पास अपना कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं है। मोबाइल फोन कान पर लगाकर ऐसे ई रिक्शा चालक नगर की सड़कों पर सवारियों को जोखिम भरी यात्रा कर रहे हैं। जानकार बताते हैं कि उत्तराखंड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद बिजनौर आदि जिलों के सैकड़ो ऐसे लोग जो अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है दबे पांव काशीपुर कर यहां उन्होंने कानून की नजर से बचने के लिए बैटरी रिक्शा चालक का चोला ओढ़ लिया। सूत्रों की माने तो बैटरी रिक्शा चालकों में तमाम ऐसे हैं जो अपराधी किस्म के हैं। जिनका पुलिस के पास कोई रिकॉर्ड नहीं है।

# पिता ने छीना मोबाईल तो बेटी ने फांसी लगाकर दी जान

हल्द्वानी। पिता द्वारा पढ़ाई की तरफ ध्यान लगाने की बात कहकर बेटी के हाथ से मोबाईल छीन लेने से रोषित होकर कक्षा 9 में पड़ने वाली एक छात्रा ने माता पिता के घर से जाते ही गुस्से में पहले हाथ की नस काट ली। इस पर भी उसका गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उसने घर मां फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। बताया जाता है कि मुखानी में पढ़ाई छोड़ मोबाइल पर अधिक समय गंवा रही 9वीं की छात्रा को पिता ने डांट दिया। डांट लगाकर माता पिता घर से चले गए। इधर, आवेश में आकर बेटी ने पहले तो अपने हाथ की नस काटी और फिर दुपट्टे को फांसी का फंदा बनाकर जान दे दी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मुखानी थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने बताया कि बुधवार देर शाम उन्हें एक निजी अस्पताल से सूचना मिली कि यहां एक फांसी लगाई बालिका भर्ती कराई गई है जो मृत अवस्था में है। मौके पर पुलिस टीम को लामाचौड़ निवासी 13 वर्षीय वंशिका के पिता राजन कुमार ने बताया कि वह और उसकी पत्नी को किसी काम से आरटीओ कार्यालय जाना था। उन्होंने अपनी बेटी से मोबाइल मांगा और कहा कि मोबाइल की जगह पढ़ने में ध्यान लगाओ। इसके बाद वह घर से चले गए। जब वह वापस लौटे तो पुत्री वंशिका को फांसी के फंदे पर लटका देखा। उसे उपचार के लिए तत्काल चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक ने कहा कि मृतका छात्रा के हाथ में नस काटने के निशान भी है। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# सड़क निर्माण शुरू होने पर ट्रांजिट कैम्प में मेयर का जोरदार स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में दुर्गा मंदिर से लेकर मछली बाजार होते हुए पानी की टंकी वाली खस्ताहाल सड़क का निर्माण शुरू होने पर कैम्प वासियों ने मेयर रामपाल सिंह का ऐतिहासिक स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान दुर्गा पूजा कमेटी ने पुष्प वर्षा के साथ ही मेयर रामपाल को फूल मालाओं से लाद कर किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि थाने के निकट से सुभाष पार्क होते हुए मुख्य बाजार को जाने वाली सड़क लम्बे समय से जर्जर हालत में थी। जनहित में इस सड़क का निर्माण करने की मांग कैम्पवासी लगातार कर रहे थे। इस सड़क का निर्माण पिछले बीस सालों से नहीं हो पाया था। जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। ट्रांजिट कैम्प के लोग कई बार इस सड़क के निर्माण की मांग कर चुके थे। मेयर रामपाल सिंह ने अब दुर्गा पूजा पर इस सड़क का निर्माण शुरू हो गया है। जल्द ही सड़क का निर्माण पूरा होने से हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा। सड़क का निर्माण होने से यहां होने वाली दुर्गा पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि सड़क का निर्माण पूरी गुणवत्ता के साथ कराया जा रहा है। गुणवत्ता में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी इसके लिए ठेकेदार को सख्त हिदायत दी गयी है। सड़क एक फुट ऊंची बनाई जा रही है। मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि जनहित उनके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने जो भी विकास कार्य कराये हैं वह जनभवनाओं के अनुरूप कराये हैं। आगे भी विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए तत्पर रहेंगे।



इस अवसर पर भाजपा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष उत्तम दत्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, तरुण दत्ता,पार्षद विधान राय, दुर्गा पूजा कमेटी अध्यक्ष दिलीप अधिकारी, सुबीर दास,गौरव दास,मानस बैरागी, शिव कुमार गंगवार,मदन दिवाकर, परिमल मंडल ,मनोज गुप्ता,संजीव गुप्ता, प्रणब राय चौधरी,शंकर विश्वास, विजय डे, आदेश भारद्वाज, मनोज कृष्णपाल गंगवार, प्रभास स्वर्णकार शुभम दास,अर्जुन विश्वास, राजेन्द्र राठौर, सतपाल गंगवार, सुरेश विश्वास, शिव कुमार शिबू, रतनदास, कुमरेश अधिकारी , राम आवतार शर्मा, शंकर दास, आनन्द गुप्ता, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।